बिरलाग्राम में चाकू मारकर दो लोगों ने की डिलीवरी बॉय की हत्या

- बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ था विवाद, रतलाम मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

उज्जैन। फूड डिलीवरी बॉय की दो युवको ने मामूली विवाद में चाकू मारकर हत्या कर दी। चाकू बाजी के बाद पुलिस ने रात में दोनों आरोपी युवकों को राउंडअप कर लिया है। जिनसे चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

बिरला ग्राम थाना क्षेत्र के विद्यानगर में रहने वाला मोनू पिता सुनील खैरवार 25 साल स्विगी कंपनी में फूड डिलीवरी बॉय का काम करता था। दोपहर में वह विद्या नगर स्थित ई-कार्ट ऑफिस के पास पहुंचा था। जहां बाइक खड़ी करने की बात को लेकर उसका विवाद रितेश बोरासी और निर्मलसिंह उर्फ बिट्टू राजपूत निवासी विद्यानगर बिरलाग्राम से हो गया। गाली गलौज होने पर रितेश और निर्मल ने चाकू से मोनू पर हमला कर दिया। गंभीर घायल होने पर मोनू को समीप के अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रतलाम रेफर किया। लेकिन रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही मोनू की मौत हो गई। चाकूबाजी में डिलीवरी बॉय की मौत होने का मामला सामने आते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मृतक की ओर से पिंटू गरासिया की शिकायत पर चाकू मारने वाले दोनों युवकों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया।

बताया जा रहा है कि रात में पुलिस ने दोनों आरोपियों को राउंडअप कर लिया है जिनसे पूछताछ कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो का फुटेज भी सामने आया है। जिसमें विवाद और चाकूबाजी होती दिखाई दे रही है।

हत्या के आरोपियों को भेजा जेल

नलिया बाखल में मंगलवार-बुधवार रात हुई मोहित पिता प्रेमनारायण 18 वर्ष की हत्या के मामले में महाकाल पुलिस ने नलियाबाखल के रहने वाले एकलव्य शर्मा और उसके नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार शाम मामले का खुलासा किया गया। पुरानी रंजिश के चलते हुई हत्या में शामिल रहे तीनों आरोपियों से चाकू बरामद किया गया है। शुक्रवार दोपहर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से एकलव्य को जेल और दोनों नाबालिगों को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

काल भैरव मंदिर में गर्मी से बचाव के किए इंतजाम

श्रद्धालुओं के लिए छांव और शीतल जल की व्यवस्था, मंदिर प्रशासक एल एन गर्ग ने लिया संज्ञान

उज्जैन। श्री काल भैरव मंदिर में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या और तेज गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने की दिशा में विशेष तैयारियां की हैं।

मंदिर परिसर और कतार मार्गों में श्रद्धालुओं को धूप से राहत देने के लिए टिनशेड, वाटरप्रूफ पंडाल और अस्थायी छांव की व्यवस्था की गई है। ताकि दर्शन के दौरान आस्थावानों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

मंदिर प्रशासक एलएन गर्ग ने चर्चा के दौरान बताया कि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर गर्मी से बचाव के विशेष उपाय लागू किए गए हैं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया तैयार किए गए हैं, जहां उन्हें धूप से राहत मिल सके। कतार मार्गों में कूलर, पंखे और ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से दोपहर के समय तापमान को नियंत्रित रखने पर ध्यान दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु सहज वातावरण में दर्शन कर सकें।

मंदिरों की आय-व्यय व्यवस्था, शीघ्र दर्शन, पूजन व्यवस्था, पार्किंग, स्वच्छता और शासकीय दुकानों के संचालन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी मंदिरों में कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएं तथा उनकी जानकारी एकीकृत रूप से श्री महाकालेश्वर मंदिर के कंट्रोल रूम तक पहुंचे।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिरों के बैंक खातों में उपलब्ध राशि का उपयोग श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने में किया जाए। भीड़ प्रबंधन के दौरान क्रॉस मूवमेंट रोकने, जूता स्टैंड को व्यवस्थित करने, संकेतक लगाने और अफवाहों पर नियंत्रण के लिए पीए सिस्टम सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही हर समय जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।

शुल्क ले रहे तो सुविधा दे रहे, सुविधा पर प्रशासन का जोर

नवभारत से चर्चा में एसडीएम एल एन गर्ग ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा भीड़ प्रबंधन को लेकर भी विशेष व्यवस्था बनाई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 500 की शीघ्र दर्शन व्यवस्था भी प्रारंभ की गई है, जिसके माध्यम से भक्त कम समय में सीधे गर्भगृह तक पहुंचकर दर्शन कर सकते हैं। लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या और आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन मंदिर व्यवस्थाओं को और अधिक व्यवस्थित करने में जुटा हुआ है। पूर्व में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने उज्जैन के प्रमुख मंदिरों के प्रशासकों और प्रबंधकों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की थी। बैठक में निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार श्रद्धालुओं को सरल, सहज और सम्मानजनक दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। मंदिर कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण देने पर भी बल दिया गया।

केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में विचाराधीन कैदी मौत

उज्जैन। केन्द्रीय जेल के अधीक्षक ने बताया कि जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी ईश्वर पिता तेजाराम की शुक्रवार को प्रातः 7.28 बजे एमव्हायएच इंदौर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। उक्त बंदी को धारा-323, 294, 506 भादवि के तहत विगत 24 मई को न्यायालय पंकज गोंडू भालेराव, जेएमएफसी उज्जैन के आदेशानुसार जेल में दाखिल किया था। यह बंदी मिर्गी के झटके से पीड़ित था।

गुरुवार को अचानक रात्रि में लगभग 8 बजे स्वास्थ्य खराब होने पर जेल चिकित्सक केन्द्रीय जेल के परामर्शानुसार जेल प्रहरियों की अभिरक्षा में बंदी को उपचार के लिए जिला चिमित्सालय उज्जैन भेजा गया था। जहां पर चिकित्सक ने बंदी को जांच पश्चात एमव्हायएच इंदौर रैफर किया था। उपचार के दौरान शुक्रवार की प्रातः बंदी की मृत्यु की सूचना ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी सन्नी गेहलोत प्रहरी ने जेल पर गेट कीपर को दी गई। एमव्हायएच इंदौर मध्यप्रदेश के चिकित्सकों के मतानुसार शुक्रवार को प्रातः लगभग 7.28 बजे उपचार के दौरान विचाराधीन बंदी ईश्वर पिता तेजाराम की मृत्यु हो गई एवं तत्पश्चात् बंदी की मृत्यु की सूचना जिला दण्डाधिकारी उज्जैन, इंदौर, पुलिस अधीक्षक उज्जैन, इंदौर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी जिला-उज्जैन, इंदौर, जेल मुख्यालय भोपाल, मानव अधिकार आयोग भोपाल, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग दिल्ली एवं मृतक के परिजनों को दी गई। शव बंदी के परिजनों को सौंपा गया।

महापौर टटवाल ई-रिक्शा में निरीक्षण करने निकले

उज्जैन। पेट्रोल-डीज़ल के मितव्ययिता पूर्ण उपयोग के दृष्टिगत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील एवं मुख्यमंत्री के आव्हान पर उज्जैन नगर पालिक निगम में भी महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को ई रिक्शा में बैठकर शहर का निरीक्षण किया गया। साथ ही महापौर ने उज्जैन शहर के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, समस्त नागरिकों से भी अपील की है कि सप्ताह में एक दिन वाहनों का प्रयोग ना करते हुए डीजल एवं पेट्रोल की खपत को बचाएं एवं इलेक्ट्रिक वाहनों ई रिक्शा का उपयोग करें और डीजल की खपत को कम करने में सहयोग करें।

राज्य कर्मचारी संघ ने किया समितियों का गठन

- कार्य विस्तार के लिए हुई पदाधिकारियों की नियुक्ति

उज्जैन। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने संगठन के कार्य विस्तार के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में विभागीय समितियों का गठन किया है। संघ की बैठक में नवीन पदाधिकारियों को मनोनीत कर उन्हें संगठन की रीति-नीति के अनुसार कार्य करने का मार्गदर्शन दिया गया।

बैठक में स्वास्थ्य विभागीय समिति में विकास राजपूत को संयोजक तथा मिथिलेश शर्मा व दिलीप बोटके को सह-संयोजक बनाया गया है। इसी तरह नर्सिंग कैडर में डॉ. निहारिका श्रीवास्तव संयोजक व योगेश शर्मा सह-संयोजक, कलेक्टर कार्यालय समिति में महेश नागर संयोजक व अश्विन पांड्या सह-संयोजक, जिला पंचायत में पंकज तिलवणकर सह-संयोजक, वाणिज्य कर विभाग में अभिलेख त्यागी संयोजक व हिमांशु नागर सह-संयोजक तथा पीएचई विभाग में मोहन विश्वकर्मा को संयोजक मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर दीपक पुरोहित, मनोहर गिरी, मांगीलाल पाटीदार, ओम प्रकाश यादव, शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

एक नजर में

काबरा एमडीआरटी 2026 से सम्मानित

उज्जैन। संस्था गीताश्रीधर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा संस्थान उज्जैन के सचिव एवं एलआईसी के अभिकर्ता रुपेश काबरा को भारतीय जीवन बीमा निगम ने निजी होटल उज्जैन पर आयोजित सम्मान समारोह में एमडीआरटी 2026 एवं शतकवीर अभिकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया। लोकेश जैन के अनुसार भाजीबीनि के वरिष्ठ अधिकारीगण ने अत्यन्त कम आयु में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र एवं शतकवीर अभिकर्ता सम्मान पत्र भेंट कर तथा अंगवस्त्र पहनाकर काबरा का इंदौर मंडल ने प्राईफ ऑफ द डिवीजन के अवार्ड से अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि रूपेश काबरा संस्था गीताश्रीधर के माध्यम से वंचित तबके के कल्याण सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, जनहितैषी कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे है। काबरा की उपलब्धि पर आजीवन सीएम क्लब मेम्बर प्रकाश चित्तौड़ा, अभिषेक नागर, हर्ष जायसवाल, वरुण पण्ड्या, गंगाराम सोलंकी, अजय मालवीय, प्रकाश मालवीय, कृष्णा मालवीय, विकास खंडेलवाल, लाखन गुर्जर आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

स्वरा ने राष्ट्रीय स्पेलबी स्पर्धा में लहराया परचम

उज्जैन। जिले की प्रतिभाशाली छात्रा स्वरा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पेलबी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का मान बढ़ाया है। पांचवीं कक्षा की इस छात्रा ने देश के सभी विद्यार्थियों के बीच 26वां स्थान और अपनी कक्षा (पांचवीं) के सभी विद्यार्थियों में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पूरे देश भर में आयोजित की गई थी। इस स्पर्धा में मुख्य रूप से अंग्रेजी के कठिन शब्दों की स्पेलिंग, शब्द ज्ञान और विद्यार्थियों के भाषाई कौशल का कड़ा परीक्षण किया जाता है। देवास रोड स्थित ज्ञानसागर अकादमी की छात्रा स्वरा की इस सफलता से उनके परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

ट्रेन में आभूषणों से भरा पर्स लेकर भागा बदमाश

उज्जैन। महाकाल दर्शन करने आ रहे परिवार के साथ ट्रेन में बड़ी वारदात हो गई। बदमाश महिला के हाथ से आभूषण से भरा पर्स छीनकर भाग निकला। मामला जीआरपी के पास पहुंचा तो जांच के लिये भोपाल जीआरपी को भेजा गया। अमरावती का रहने वाला परिवार यशवंतपुरा-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में सवार होकर महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहा था। बुधवार-गुरुवार रात ट्रेन के सिहोर स्टेशन पहुंचने के दौरान रफ्तार कम हुई। उसी दौरान कोच एस-4 में अचानक एक बदमाश आया और परिवार की महिला आशा के हाथ से पर्स छीनकर वापस ट्रेन से कूदकर भाग निकला। परिवार ने शोर मचाया लेकिन बदमाश भाग निकला था। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर परिवार ने मामले की शिकायत जीआरपी थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पर्स में सोने की चार अंगूठी, चेन, कान के टॉप्स, मंगलसूत्र और 31 हजार रूपये नगद रखे थे। जीआरपी ने मामले में जीरो पर कायमी करते हुए जांच भोपाल जीआरपी को भेज दी। बताया जा रहा है कि आभूषण और नगदी की कुल कीमत 4 लाख से अधिक है।

एनसीसी का 7 दिवसीय आपदा प्रशिक्षण पूर्ण

उज्जैन। युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 800 आपदा मित्र प्रशिक्षित कर विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत आपदा मित्र योजना का तृतीय सत्र 19 मई से 26 मई तक आलोक इंटरनेशनल स्कूल में संचालित किया। इसमें दस एमपी एनसीसी बटालियन के 300 कैडेट्स ने लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार के मार्गदर्शन में 07 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस में आपदा मित्रों को बाढ़, भूकंप, आगजनी एवं मेडिकल इमरजेंसी सहित विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के तरीके कुशल प्रशिक्षक ने प्रदान किए। जला सेनानी होमगार्ड ने बताया जिले में कुल 800 युवा आपदा मित्र तैयार किया जा रहे हैं। प्रशिक्षण उपरांत त्योहारों पर महत्वपूर्ण ड्यूटियों का संपादन करेंगे। साथ ही सिंहस्थ 2028 में घाट सुरक्षा सहित क्राउड मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण ड्यूटियों का संपादन कर सिंहस्थ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नगर निगम मुख्यालय में सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह

- गीता एवं प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया

उज्जैन। नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में समारोह पूर्वक आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, अपर आयुक्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर नगर निगम में दीर्घ एवं गौरवशाली सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी श्री हरिदास गंगादास भृत्य राजस्व विभाग अन्यकर, देवानंद बाबूलाल भृत्य स्वास्थ्य विभाग, सुरेश पिता बाबूलाल भाटी नियमित पीएचई विभाग, सेवाराम पिता रघुनाथ बिल वितरण कार्यभारित पीएचई विभाग, सुरेश पिता श्रीधर पाठक पंप चालक कार्यभारित पीएचई विभाग, अमृतलाल पिता बाबूलाल स्वीपर कार्यभारित पीएचई विभाग का सम्मान किया गया। इस दौरान लेखा अधिकारी सरिता मांडरे, कर्मचारी संघ से नितिन मुसले, शैलेष नागर, दिलीप दवे एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहें।

जमीन के रुपए हड़पकर हत्या की धमकी देने वाला गिरफ्तार

- हत्या का भय दिखाकर जमा रहा था दबदबा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

उज्जैन। रजिस्ट्री नहीं कराने और हत्या का भय दिखाकर रुपये हड़पने वाले बदमाश को गुरुवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश पूर्व में भी कई लोगों के रुपये हड़प चुका था।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि 27 अप्रैल को संत तुकाराम पथ के रहने वाले हितेश पिता नंदकिशोर सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह सुबह मार्निंग वॉक पर निकला था। आमलारोड शासकीय कॉलेज के आगे उसे मनोज पिता नारायण चावड़ा निवासी ग्राम अमला मिला। जिससे उसकी मां द्वारा जमीन खरीदी थी। मनोज द्वारा काफी समय से रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही थी। उसके मिलने पर रजिस्ट्री कराने की बात कहीं गई तो उसने गाली-गलौच करते हुए कहा कि रजिस्ट्री नहीं कराऊंगा और जो रूपये लिये है, वह भी वापस नहीं करूंगा। मैं यहां का दादा हूं, मेरा नाम चलता है, आज के बाद रजिस्ट्री कराने की बात कही तो जान से मारने दूंगा। हितेश सोनी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया और हत्या का भय दिखाने वाले की तलाश शुरू की गई। आरोपी मनोज चावड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी जमीन हड़पकर रूपये नहीं लौटाने के 3 से 4 शिकायती आवेदन प्राप्त हो चुके है। जिनकी जांच जारी है, उक्त मामलों में भी आरोपी के खिलाफ जांच पूरी होते ही प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

फर्जी बैंक ग्यारंटी देकर ठगे 1.42 करोड़, केस दर्ज

उज्जैन। दो साल पहले बनाई गई बैंक ग्यारंटी के नाम पर हुई 1.42 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले मे पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों की तलाश में एक टीम इंदौर भेजी गई है। नागझिरी थाना क्षेत्र के सांई विहार कालोनी में रहने वाले रामस्वरूप पिता लहरी प्रजापति उद्योगपुरी क्षेत्र स्थित बोकेम हेल्थ केयर प्रालि के प्लांट हेड हैं जिन्होंने नागझिरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने मार्च 2023 में बैंक अधिकारी बनकर मिले दो व्यक्तियों से बैंक ग्यारंटी बनवाई थी। दोनों इंदौर के रहने वाले जितेन्द्र वर्मा और अनिकेत संतोषी थे। उन्होंने बैंक ग्यारंटी के नाम पर अलग अलग समय में 1.42 करोड़ रुपए ले लिए। और व्हाट्स एप पर बैंक ग्यारंटी भेजी थी जिसे देख विश्वास हो गया था। बैंक में ग्यारंटी लगाने पर सामने आया कि ग्यारंटी फर्जी है। दोनों से संपर्क करने पर उन्होंने आनाकानी शुरू कर दी। नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वैद्य ने बताया कि बोकेम हेल्थ केयर प्लांट हेड की शिकायत पर दोनों के खिलाफ धारा 420, 34 का प्रकरण दर्ज किया गया है। जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज लगेगा शिविर

उज्जैन। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के उपलक्ष्य में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा द्वारा शनिवार 30 मई को निःशुल्क दंत एवं मुख परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर संजीवनी अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेगा। इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा के अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में शहर के वरिष्ठ दंत चिकित्सक मरीजों के मुख और दांतों की जांच कर आवश्यक परामर्श देंगे।

संस्था ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की है। शिविर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल के साथ ही संजीवनी अस्पताल की ओर से डॉ. तुषार बंसल, डॉ. मोनिका श्रीवास्तव और डॉ. नमिता अग्रवाल विशेष रूप से सहयोग देंगे।

मुख कैंसर की होगी प्रारंभिक जांच

यह स्वास्थ्य शिविर तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा का सेवन करने वालों के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। शिविर में मुख कैंसर की प्रारंभिक जांच की जाएगी, जिससे समय रहते इस गंभीर बीमारी की पहचान कर इससे बचाव किया जा सके। जांच व परामर्श के अलावा विशेषज्ञों द्वारा लोगों को तंबाकू की लत छोड़ने के उपाय भी विस्तार से बताए जाएंगे।

ट्रैक्टर चालक ने 3 साल की मासूम को कुचला, मौत

सड़क निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा, चालक मौके से फरार

- माता पिता मजदूरी में लगे थे और
- ट्रैक्टर चालक रिवर्स ले रहा था, इसी दौरान पहिया चढ़ गया

उज्जैन। सड़क निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। मजदूर दंपत्ति की 3 वर्षीय पुत्री पर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर चढ़ गया। मासूम की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त किया है। चालक घटनाक्रम के बाद भाग निकला था।

महाकाल थाना एएसआई बलराम थिरोठा ने बताया कि गौंसा क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। शाम को 3 साल की बालिका वंशिका पिता प्यारसिंह खेल रही थी, माता-पिता मजदूरी में लगे थे। उसी दौरान निर्माण कार्य में लगा नीले रंग का ट्रेक्टर चालक द्वारा रिवर्स लिया गया खेल रही वंशिका पहिये की चपेट में आ गई। जिसकी चीख निकली और उसकी सांस थम गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। वंशिका को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि वह धार के ग्राम सेवरीमाल ग्राम पंचायत भड़किया थाना नालछिया के रहने वाले हैं। 15 दिन पहले ही मजदूरी के लिये 2 बेटियों के साथ उज्जैन आये थे। वंशिका की एक छोटी बहन और है। एएआई थिरोठा के अनुसार मामले में दुर्घटना का मामला दर्ज कर मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह बालिका का पोस्टमार्टम कराया गया। ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश जारी है।

श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की बैठक कल

उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस द्वारा रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें पेंशन की मांग, वेतन विसंगतियों सहित अन्य कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक 31 मई को रविवार दोपहर 11 बजे फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क पर आयोजित की जाएगी। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी के संयोजक एवं ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलेकी ने बताया कि सरकार से लंबे समय से मांग की जा रही है। बैठक में राम चंदन चौधरी, रतन सिंह हरा, कैलाश सिंह धवन, गोविंद सांखला सहित अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहेंगे। प्रकाश सोलेकी ने सभी से बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

महाकाल मंदिर में.... समिति ने किया सम्मान, दिव्यांगों ने की मंदिर व्यवस्थाओं की सराहना

गोवा के मंत्री गोडिन्हो और 70 दृष्टिहीनों ने किए महाकाल दर्शन

उज्जैन। गोवा सरकार के विधायी कार्य मंत्री मौविन गोडिन्हो ने शुक्रवार को सुबह उज्जैन में महाकाल दर्शन किए। श्री गोडिन्हो का मंदिर प्रबंध समिति ने स्वागत किया। दोपहर में 70 दृष्टिहीन दिव्यांग श्रद्धालुओं के दल ने भी बाबा महाकाल के दर्शन लाभ लिया। ये सब महाराष्ट्र के लातूर से यहां आए थे जो बियॉन्ड विजन फाउंडेशन के सदस्य है।

मां हरसिद्धि को दिया प्रथम निमंत्रण-जनकल्याण की भावना व आध्यात्मिक चेतना विस्तार के उद्देश्य से इंदौर के विद्या धाम द्वारा श्री चक्र साधना महोत्सव का आयोजन 4 जून से नरसिंह वाटिका विमानतल रोड पर दोपहर 3 से रात 8 बजे तक होगा। अनुष्ठान का निमंत्रण संकल्पकर्ता आचार्य प्रशांत अग्निहोत्री महाराज ब्रह्मचारी ने उज्जैन में शक्तिपीठ हरसिद्धि, ज्योतिर्लिंग महाकाल व काल भैरव मंदिर में दर्शन कर पूजन कर भगवान को अर्पित किया।

आज मोगरा एवं आम महोत्सव-शिप्रा तट स्थित प्राचीन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर मोगरा एवं आम महोत्सव शनिवार को भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी

पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में होगा। महंत श्री महावीरनाथ जी महाराज ने बताया शाम 7 बजे ढोल-नगाड़ों से महाआरती होगी। महादेव का श्रृंगार, मोगरे की सजावट कर आम भोग अर्पित करेंगे।

दान किए एक लाख 51 हजार रुपये

उज्जैन। विनोद मिल के एक पूर्व श्रमिक ने 25 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली अपनी बकाया राशि को धार्मिक कार्यों के लिए दान कर एक अनूठी मिसाल पेश की है। सुदामा नगर निवासी 75 वर्षीय सत्यनारायण गौतम ने महाकालेश्वर मंदिर में एक लाख रुपये और अयोध्या के राम मंदिर में 51 हजार रुपये की राशि दान की है। सत्यनारायण गौतम विनोद मिल में श्रमिक के रूप में कार्यरत थे। लगभग पच्चीस वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद हाल ही में उन्हें श्रमिक के रूप में उनका पैसा मिला। उन्होंने कुल एक लाख 51 हजार रुपये की राशि दान करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपनी पत्नी सुमित्रा देवी, बेटी कविता चौहान और दामाद हेमंत सिंह चौहान के साथ महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर प्रबंध समिति को एक लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर पार्षद रवि राय विशेष रूप से उपस्थित थे।